सुविचार

*आपकी जिन्दगी बहुत ही अनमोल और सुन्दर है, इसे फालतू और बेकार बातों में नहीं गवाएं।*

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-15 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 20 मई 2022 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 3 रुपये



Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak


## किसी की चल संपत्ति को हड़प लेना कब अपराध की श्रेणी में आएगा जानिए/IPC...



चल संपत्ति वह होती है जिसे एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा सकते हैं जैसे पैसे, कागजात, कोई कीमती जेवरात, वस्तु समानआदि। कोई व्यक्ति इनका आपराधिक(बेईमानी) के उद्देश्य से गबन करता है तब ऐसे व्यक्ति पर भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अंतर्गत शिकायत दर्ज की जा सकती है पढ़िए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 403 की परिभाषा-**
अगर कोई व्यक्ति बेईमानी के उद्देश्य से किसी की चल संपत्ति हड़प लेता है या किसी प्रकार से प्राप्त करने के बाद खर्च कर लेता है तब ऐसा करने वाला व्यक्ति आपराधिक दुर्विनियोग, अर्थात संपत्ति हड़पने या गबन करने का दोषी होगा।

**उधानुसार-** मोहन को रास्ते में किसी व्यक्ति का पैसे से भरा पर्स मिलता है एवं वह उस पर्स के पैसों को बिना पुलिस को सूचना दिए बगैर खर्च कर लेता है तब मोहन भारतीय दंड संहिता की धारा 403 के अंतर्गत दोषी होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 403 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-**
यह अपराध समझौता योग्य है उसी व्यक्ति से जिसके पैसे या चल संपत्ति का गबन किया गया हैं। यह असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध है। इनकी सुनवाई का अधिकार किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट को हैं। सजा- इस अपराध के लिए अपराधी को दो वर्ष कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

**विशेष नोट-** अपराध असंज्ञेय होने के कारण इस अपराध में एफआईआर दर्ज नहीं होगी इसके लिए स्वयं(पीड़ित) द्वारा मजिस्ट्रेट के पास परिवाद दायर किया जा सकता है।

**-लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला ब्यूरो चीफ युवा प्रदेश समाचार पत्र अलीगढ़ उ. प्र.)**

## सड़क पर तेज गति से वाहन चलाने वाले के खिलाफ क्या कार्यवाही होगी जानिए/Motor Vehicles Act,1988...।



*भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 279 यह स्पष्ट करती है कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाता है जिसे किसी व्यक्ति को खतरा उत्पन्न होने मात्र की संभावना हो तब वह व्यक्ति उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा अर्थात कोई भी व्यक्ति किसी भी वाहन को सार्वजनिक सड़क पर तेज नहीं दौड़ा सकता है। अगर वह ऐसा करता है तब उसे अधिकतम छः माह की कारावास या एक हजार रुपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। हम कह सकते हैं की भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार यह एक गंभीर अपराध होता है पुलिस थाना अधिकारी ऐसे व्यक्ति पर उपर्युक्त धारा के अंतर्गत तुरंत एफआईआर दर्ज करेगी। विशेष विधि अर्थात मोटर यान अधिनियम,1988 के अनुसार भी ऐसे व्यक्ति को दण्डित किया जाता हैं पढ़िए।*


***मोटर यान अधिनियम,1988 की 183 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-***
*जो कोई व्यक्ति सरकार द्वारा बनाए गति-सीमा नियमो का उल्लंघन करता है अर्थात तेज गति से वाहन चलाता है तब -*
*हल्के वाहन होने पर अधिकतम दो हजार रुपये का जुर्माना।*
*वाहन यात्रियों का हो, माल भरा हो तब अधिकतम चार हजार रुपए जुर्माना होगा।*
*अगर कोई व्यक्ति दुवारा फिर गति सीमा से अधिक वाहन चलाता है तब अधिनियम की धारा 183 की उपधारा (iii) के अनुसार मोटर यान लाइसेंस निरस्त या परिबद्ध कर लिया जाएगा।?*

***विशेष नोट-*** *भारतीय दण्ड संहिता एवं मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत सजा एवं दण्ड अलग अलग होगा अर्थात IPC के अंतर्गत एक हजार रुपए का जुर्माना लगा है एवं मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत चार हजार का तब एक हजार एवं चार हजार कुल पाँच हजार रुपये का जुर्माना लगेगा।*

***-लेखक बीआर अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र नर्मदापुरम) 9827737665***

## मप्र शासन भोपाल के नाम कलेक्टर महोदय जिला नर्मदापुरम को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया





**भोपाल।** दिनांक 15 मई 2022 को अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स जिला इकाई नर्मदापुरम द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम कलेक्टर महोदय जिला नर्मदापुरम को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया जिनमें प्रमुख मांग 1.पदोन्नति में आरक्षण शीघ्र लागू किया जाए 2. मांग पुरानी पेंशन बहाली शीघ्र की जाए 3.मांग आउट सोर्स भर्ती प्रक्रिया को बंद की जाए 4.बैकलॉग के पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए 5. ग्राम कोटवारों को सम्मानजनक मानदेय दिया जाए एवं 6. अनुसूचित जाति जनजाति की आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किया जावे । ज्ञापन देने वालें में मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्री लखन लाल अहिरवार, विमल राकेश जिला महासचिव नीत राज ठाकुर , रामेश्वर मेहरा ,जिला सचिव अजय सुखद ,सुरेश कुमार उइके जिला सचिव संजय कुमार एवं जिला संयुक्त सचिव शेर सिंह सलाम ,धनराज अहिरवार, श्री हेमराज जी तेकाम एवं अनेक आजाद अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गेहूं और चना की फसल पर मंडराया खतरा

**पिपरिया।** मौसम में बदलाव के चलते लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा था। पिछले तीन दिनों से लगातार बादल बने हए हैं। जिसके चलते बारिश की संभावना भी बनी हुई है। बारिश होने के बाद से ही मौसम में लगातार परिवर्तन बना हुआ है। सुबह के समय बादल रहते हैं तो वहीं दोपहर के समय तीखी धूप लोगों को सता रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में बूंदाबांदी की भी संभावना बनी है है। इन दिनों से तेज गर्मी के साथ तेज हवाएं चल रही थी । दिनभर उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान रहे। मौसम में हो रहे परिवर्तन से किसान परेशान है। किसानों का कहना है कि बदलाव से गेहूं एवं चना की फसल को खतरा पैदा हो गया है। किसानों का अनुमान है कि गेहूं की अगेती फसल प्रभावित हो सकती है। चने की फसल को ज्यादा नुकसान हो सकता है। अधिकांश स्थानों पर चने की फसल लगभग पकने को है।

## बीजेपी के बूढ़े बैल खागाए शक्कर पीगए तेल ब्यावरा विधायक

### कांग्रेस के कार्यकाल में गरीबों पर बिजली बिल का बोझ नहीं डाला गया

**ब्यावरा।** शहर एवं ग्रामीण में विद्युत मंडल के द्वारा अघोषित विद्युत कटौती एवं बिजली बिल कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन व ज्ञापन राजगढ़ जिले में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी गिर रही है ऐसे समय में विद्युत मंडल के कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा बिना बताए मेंटेनेंस के नाम से लाइट काट दी जाती है साथ ही बिजली के बिलों में लगातार दामों की वृद्धि की जा रही है और आमजन पर अनावश्यक दबाव दिया जा रहा है जिससे कि आमजन को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के बिलों का कोई वास्तविक निराकरण नहीं होता लगातार शिकायतों के बावजूद मनमानी वसूली की जा रही है बिजली कटौती से शादी ब्याह मांगलिक कार्यक्रम प्रभावित हुए हैं मच्छरों के प्रकोप से लोग बीमार हो रहे हैं व्यापार व्यवसाय प्रभावित हो रहा है आसमान छूती महंगाई के दौर में भारी भरकम बिजली बिलों ने आम आदमी की कमर तोड़ कर रख दी ऐसा प्रतीत होता है कि मध्य प्रदेश में असंवेदनशील



शिवराज सरकार को आम जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है।आज इन्हीं सब बातों को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पीपल चौराहा ब्यावरा पर विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री रामचंद्र दांगी जी, चंदर सिंह सोंधिया जी भारत वर्मा जी विजय बहादुर जी चैन सिंह गुर्जर जी गोपाल बन्ना जी मोहन लोधी जी कपिल शिवहरे जी सुरेंद्र कुशवाहा जी निपेंद्र बना जी कैलाश पर्वत जी राधेश्याम धनगर जी कैलाश कुशवाहा जी ज्ञानू विजयवर्गीय जी समीर खान जी इकबाल भाई अतुल जगताप जी ओपी शिवहरे जी सूरज दांगी जी लक्की दांगी जी राहुल दांगी जी विष्णु खटाना जी गिरवर बना जी प्रदीप बना जी सुठालिया दीपक पाराशर जी अनिल जाटव अर्पित शर्मा जी एवम समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता मौजूद रहे।।

## पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव संचालन समिति घोषित



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर चुनाव संचालन समिति घोषित की है। चुनाव संचालन समिति में संयोजक सुश्री कविता पाटीदार होंगी। इसी प्रकार सदस्यों में रणवीर सिंह रावत, हरिशंकर खटीक, भगवानदास सबनानी, शरदेन्दु तिवारी, चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, कांतदेव सिंह, जीतू जिराती, महेन्द्र सिंह सिसौदिया, कमल पटेल, अरविन्द भदौरिया, गोविन्द सिंह राजपूत, भारत सिंह कुशवाहा, रामखेलावन पटेल, बंशीलाल गुर्जर, आशीष दुबे, श्रीमती ललिता यादव, उदय प्रताप सिंह, श्रीमती संपतिया उइके, ज्ञानेश्वर पाटील, रामपाल सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, जालम सिंह पटेल, संजय पाठक, पारस जैन, यशपाल सिसौदिया, रामेश्वर शर्मा, विजयपाल सिंह, नागरसिंह चौहान, पर्वतलाल अहिरवार, श्रीमती मालती मोहन पटेल, मिथलेश प्यासी, नरेन्द्रसिंह राजपूत, संतोष सिंह ठाकुर, विवेक पालीवाल, रामकरण भावर एवं शंभू सिंह भाटी शामिल है।

## विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार की मांग : किसान सभा ने किया एसईसीएल के कुसमुंडा मुख्यालय का घेराव, लगाया रोजगार बेचने का आरोप, दी 25 को खदान बंद की चेतावनी




**कोरबा।** कोरबा जिले में एसईसीएल की खनन परियोजनाओं से विस्थापितों के लिए रोजगार की मांग एक प्रमुख मांग के रूप में उभर रही है, क्योंकि अपनी जमीन से हाथ धो चुके परिवार आजीविका के साधनों के अभाव में बेरोजगारी का दंश सहने पर मजबूर है। आज छत्तीसगढ़ किसान सभा ने कुसमुंडा के एसईसीएल मुख्यालय का घेराव कर विस्थापित ग्रामों के बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने की मांग की और प्रबंधन द्वारा इस मांग पर सार्थक पहलकदमी न होने पर 25 मई को खदान बंद करने की चेतावनी भी दी। किसान सभा के इस आंदोलन को रोजगार एकता संघ ने भी अपना समर्थन दिया। मुख्यालय गेट पर प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बड़ी संख्या में सीआईएसएफ के साथ पुलिस बल भी तैनात था। मुख्यालय में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे आंदोलनकारियों की सीआईएसएफ के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई, जिसके बाद कार्यालय के मुख्य द्वार को दो घंटे से ज्यादा समय तक बंद रखा गया, जिससे कार्यालय में आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रही और कामकाज ठप्प हो गया। छत्तीसगढ़ किसान सभा के सचिव प्रशांत झा ने एसईसीएल प्रबंधन पर रोजगार बेचने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विस्थापन प्रभावित गांवों के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना एसईसीएल की जिम्मेदारी है। इन स्थानीय बेरोजगारों को आउट सोर्सिंग कंपनियों में 100त्र रोजगार मिलना चाहिए, लेकिन प्रबंधन और आउट सोर्सिंग कंपनियां आपस में साठगांठ कर अपात्रों को रोजगार बेचने का काम कर रही है। इससे विस्थापित बेरोजगार रोजगार से वंचित हो रहे हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा के नेताओं जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, जय कौशिक आदि ने कहा कि अब ग्रामीण एसईसीएल के किसी भी झांसे में आने वाले नहीं है और रोजगार मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। रोजगार एकता संघ के राधेश्याम कश्यप, दामोदर श्याम, रेशम यादव, बलराम, नरेंद्र, रघु ठकराल आदि का भी यही कहना था कि कंपनी के अधीनस्थ कार्यरत आउट सोर्सिंग एवं वैकल्पिक कार्यों में भूविस्थापित युवाओं को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है।

# उदयपुरा ब्लॉक कांग्रेस सचिव नियुक्त हुए पंकज राय



**युवा प्रदेश नेटवर्क**

**उदयपुरा/रायसेन।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं में शुमार न्याय प्रिय, समर्पित, मिलन सार, शिक्षित, हंसमुख स्वभाव के धनी आदरणीय श्रद्धेय पंकज राय जी को कांग्रेस पार्टी में ब्लॉक सचिव नियुक्त किए जाने पर पूरे ब्लॉक के कार्यकर्ताओं और जनता में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र वासियों ने भयंकर बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। बधाई देने वालों में अध्यक्ष श्री संतोष पवैया, हेमंत नरवरिया, विक्रम सिंह चौहान, असगर खान, राजेंद्र सिंह चंदेल, अतीक खान, मनोज सिंह लोधी, रमन बामने, अतर सिंह भारतीय, कमलेश ठेकेदार, एम एल चौधरी, दिनेश बघेल, बालकृष्ण नरवरिया, घनश्याम ठेकेदार, अजीम खान, अजय रघुवंशी आदि प्रमुख हैं।

# प्रेरणा हिंदी सभा में हिंदी प्रेमियों की नव नियुक्ति

**जबलपुर।** प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा में देश के कोने-कोने से कवि कवियित्री साहित्यकार समाजसेवी पत्रकार शिक्षाविद हिंदी प्रचार प्रसार हेतु प्रेरणा द्वारा चलाए जा रहे अभियान में शामिल हो रहे है प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने बताया कि आज दिनांक 20.05.2022 को सलाहकार मंडल में अनिल शुक्ला हिंदी सेवी जबलपुर



मध्यप्रदेश , किशनलाल अग्रवाल वरिष्ठ पत्रकार नवभारत बरगढ़ उड़ीसा, प्रांतीय संयोजक में डॉ हरेन्द्र हर्ष कवि बुलंदशहर उत्तर प्रदेश, सुप्रसिद्ध कवियित्री मणिबेन द्विवेदी वाराणसी उत्तर प्रदेश, कवि सुरेश जायसवाल अहम सिहोर मध्यप्रदेश, कवि साहित्यकार रामकिशोर राम गुरुदासपुर पंजाब, प्रशासन मंडल में राघवेन्द्र मिश्रा कुशीनगर उत्तर प्रदेश, मीडिया प्रभारी चर्चित कवि श्री गुरुदीन वर्मा आजाद पिण्डवाड़ा राजस्थान बने हैं। इसी क्रम में कार्यकारी अध्यक्ष कवि राहुल शामकुवर नागपुर महाराष्ट्र,बहुप्रतिभा की धनी कवियित्री अनामिका अर्श वाराणसी उत्तर प्रदेश व कार्यकारिणी सम्माननीय सदस्य प्रदीप श्रीवास्तव शिवपुरी मध्यप्रदेश स्व सहमति से नियुक्त किए गए है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने हिंदी के प्रचार-प्रसार अभियान को निरंतर गति प्रदान कर हिंदी भाषा के विकास में सहायक सिद्ध होंगे ऐसी आशा कवि संगम त्रिपाठी ने व्यक्त की। नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रेरणा स्तंभ सर्वश्री धर्म प्रकाश वाजपेयी जी, डॉ लाल सिंह किरार जी अध्यक्ष प्रेरणा हिंदी प्रचार सभा व जयदीप खरे राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बधाई दी और कहा कि संस्था के विकास में यह नियुक्ति मील का पत्थर साबित होगी।

# बुद्ध पूर्णिमा, 2 साल के बाद भव्यता के साथ 2567वां त्रिगुण पावन वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती मनाई गई।



**भोपाल।** जिला भोपाल की तहसील बैरागढ़ कला आदर्श नगर में स्थित बुद्ध गंतव्य पथ, सम्यक बुद्ध विहार के तत्वाधान मे 2567वां त्रिगुण पावन वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें सभी समुदाय के लोग व राजनैतिक पार्टियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इस अवसर पर सायं 6ः00 बजे एसएसडी की टीम द्वारा पैदल रैली का आयोजन किया गया जो सम्यक बुध्द विहार आदर्श नगर बैरागढ कलां में निकली व रैली का समापन बुद्ध गंतव्य पथ विहार में किया गया इसके पश्चात् में गंतव्य बुध्द पथ विहार में 2567वा त्रिगुण पावन वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती के अवसर पर दीप प्रज्वलन सामूहिक बुद्ध वंदना, खीरदान एवं स्वाल्पहार उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बुद्ध भीम गीते पर आर्केस्ट्रा, गायन, नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी किया गया जिस के उपलक्ष्य में सम्मान एवं प्रमाण पत्र वितरण किये गये । इस मौके पर एड. आशीष चौरे ने सभी समुदाय के लोगों को बताया कि भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलो और सभी बच्चों से भी कहा की भगवान गौतम बुद्ध जी के जीवन शैली से अवगत कराया। संस्थापक/संचालक एड. आशीष चौरे, शुभम गोंडाने, सागर चौरे, विक्की घरडे, सागर वैद, अजय मानकर, अतुल बंसोड़, सौरभ डाहाट, शुभम मेश्राम, अरविंद डोंगरे, सतीश मेश्राम, अमित गजभिये, अमित बागड़े एव समस्त गंतव्य पथ, सम्यक बुध्द विहार महिला मंडल भी रहें।

# शहडोल जिले के धनपुरी अमराडंडी में तथागत गौतम बुद्ध जी 2566 वीं जयंती मनाई गई





**शहडोल /धनपुरी।** अमराडंडी वार्ड क्रमांक 7 गौतम बुद्ध नगर धनपुरी जिला शहडोल में मनाई गई गौतम बुद्ध जी की 2566 वी जयंती अमराडंडी गौतम बुद्ध नगर में स्थित डॉक्टर अंबेडकर पुस्तकालय एवं बुध विहार में बुद्ध जी की जयंती मनाई गई जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के नेता समाजसेवी राम आशीष पटेल कार्यक्रम के अध्यक्ष रामसेवक प्रजापति अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा धनपुरी विशिष्ट अतिथि सोहनलाल गजभिए विशिष्ट अतिथि इमला गजभिए विशेष अतिथि धनु प्रसाद प्रजापति रहे बुद्ध जी की प्रतिमा में पुष्प अर्पण कर एवं श्रद्धा सुजाता चौधरी दृष्टि चौधरी द्वारा बुद्ध वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सभी वक्तव्यों ने बुद्ध की विचारों पर विचार व्यक्त किए उनकी जीवन के संघर्षों को बताया और बुध के बताएं मार्ग पर चलने पर जोर दिया एवं मानव-मानव एक के सिद्धांत पर चलकर छुआछूत दूर करने व पाखंडवाद को हटाने एवं शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने का का निर्णय लिया गया कार्यक्रम के पश्चात खीर वितरण का कार्यक्रम भी किया गया कार्यक्रम के आयोजक भारतीय बौद्ध



महासभा के सचिव एवं बहुजन गोंडवाना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कालीचरण चौधरी एवं कोषाध्यक्ष सचिन गजभिए थे एवं भारी संख्या में उपासक मौजूद थे उमा चौधरी, बेबी चौधरी कुमकुम चौधरी पायल चौधरी भीम आर्मी अध्यक्ष अनूपपुर कमलेश चौधरी भीम आर्मी अध्यक्ष वेंकटनगर हरी चौधरी कबीर साकेत शिवकार चौधरी आनंद कुमार चौधरी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बहुजन गोंडवाना पार्टी आकाश चौधरी आदित्य विशाल अर्जुन प्रजापति सूरज अजीत अतुल चौधरी महेश कृष्णकांत विश्वकर्मा पवन चौधरी रामदास चौधरी आदि बड़ी संख्या में उपासक मौजूद रहे।

# नेशनल लोक अदालत में 16 हजार 459 प्रकरणों की सुनवाई, 13 हजार 14 प्रकरण किये गये निराकृत






**कोरिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में मुख्य संरक्षक एवं कार्यपालक अधयक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सेटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये गये हैं। जिले में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आनंद कुमार ध्रुव द्वारा 14 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला स्तर पर न्यायालय बैकुण्ठपुर एवं तालुका स्तर में तालुका न्यायालय मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी व जनकपुर में 12 खण्डपीठ गठन कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 16 हजार 459 प्रकरण रखे गये तथा 13 हजार 14 प्रकरण निराकृत किये गये है, जिसमें 1 करोड़ 27 हजार 929 रूपये के अवार्ड पारित किये गये। लोक अदालत में 1 हजार 287 नियमित प्रकरण रखे गये जिसमें 468 प्रकरण निराकृत किये गये हैं, साथ ही जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में 28 खण्डपीठ गठन कर 12 हजार 542 राजस्व प्रकरण रखे गये जिसमें 12 हजार 465 प्रकरण निराकृत किये गये है। इस प्रकार जिले के न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत से 13 हजार 14 लोग लाभन्वित हुये।

# विगत डेढ़ माह में जिले में आयोजित हाट बाजारों में पहुंची स्वास्थ्य टीम, 15 हजार से अधिक लोगों का हुआ इलाज'

**कोरिया।** विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम नारायणपुर में हाट बाजार क्लीनिक पहुँचने से 45 वर्षीय श्री शम्भू को स्वास्थ्य जांच के लिए घर के पास ही सुविधा मिली। शम्भू ने बताया कि लंबे समय से मुझे कमजोरी तथा थकान महसूस होती थी, हाट बाजार क्लीनिक के बारे में पता चलते ही मैंने जांच करवाया। चिकित्सकों द्वारा हीमोग्लोबिन, शुगर, रक्तचाप की जांच में रक्तचाप सामान्य से अधिक पाया गया। उत्तम चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाईयों से मुझे बेहतर परिणाम मिला है, नियमित जांच में रक्तचाप भी सामान्य स्थिति में पाया गया है। इसी प्रकार ग्राम बरबसपुर के 48 वर्षीय श्री रघुनाथ हाट बाजार क्लीनिक में कमजोरी, चक्कर तथा आँखों मे धुंधलेपन की समस्या के साथ पहुँचे। प्रारम्भिक जांच में ब्लड शुगर सामान्य से अधिक पाए जाने पर चिकित्सकों



द्वारा आवश्यक दवाइयां एवं शराब सेवन तथा धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी गई। दवाईयों के नियमित सेवन तथा डॉक्टरों की सलाह से उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। संचालित हाट बाजारों में मेडिकल टीम के द्वारा मरीजों को प्राथमिक उपचार के साथ टीकाकरण, एनीमिया, कुपोषण से बचाव तथा सुरक्षित संस्थागत प्रसव के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। विगत डेढ़ माह में आयोजित 225 हाट बाजारों में पहुंची स्वास्थ्य टीम, 15 हजार से अधिक लोगों का हुआ इलाज' जिले में संचालित 35 साप्ताहिक हाट बाज़ारों में 1 अप्रैल से 15 मई 2022 तक कुल 15 हजार 10 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा 15 हजार 22 को निःशुल्क दवाइयों का लाभ मिला। विगत डेढ़ माह में 225 बार साप्ताहिक हाट बाजार



आयोजित हुए। सभी विकासखण्डों में 05 डेडिकेटेड वाहनों के माध्यम से स्वास्थ्य टीमों ने साप्ताहिक हाट बाज़ारों में पहुँचकर हितग्राहियों का उपचार किया। विकासखण्ड बैकुंठपुर में इस समयावधि में 3 हजार 561 मरीज, विकासखण्ड भरतपुर में 3 हजार 369, विकासखण्ड खड़गवां में 2 हजार 709, विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ में 2 हजार 826 एवं विकासखण्ड सोनहत में 2 हजार 545 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया।

# संगठन चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस की आवश्यक बैठक 24 को-फुन्देलाल

**अनूपपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने बताया कि कांग्रेस संगठन चुनाव एवं नगरीय निकाय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 24/05/2022 दिन मंगलवार सुबह 11 बजे स्थान सर लगन पैलेस कलेक्ट्रेट रोड अनूपपुर में आयोजित की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से इरशाद हुसैन जी जिला निर्वाचक प्राधिकारी (डी.आर.ओ)मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है।उन्होंने समस्त कांग्रेस जनो (समस्त कांग्रेस विधायक,पूर्व विधायक जिला अनूपपुर, समस्त पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पदाधिकारीगण जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर समस्त कार्यकारी अध्यक्ष, वर्तमान,पूर्व जिला कांग्रेस कामेटी अनूपपुर समस्त वर्तमान एवं



पूर्व ब्लाक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं सदस्यगण, सभी प्रकोष्ठो के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं सदस्यगण, मंडलम, सेक्टर के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी एवं सदस्यगण समस्त अध्यक्षगण महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस, भा.रा. छात्र संगठन, सेवादल के सदस्य व पदाधिकारी गण) से अनुरोध है कि उपरोक्त बैठक में पधारने का कष्ट करे।

# ब्लड बैंक खुलने से पूरे कोरिया ही नही आस पास के कई जिले के लोग हो रहे लाभान्वित

## अम्बिकापुर से लेकर शहडोल तक के मरीज ब्लड के लिए मनेन्द्रगढ़ आ रहे









**मनेंद्रगढ़।** केंद्रीय चिकित्सालय के ब्लड बैंक खुलने से आसपास के कई जिलों के लोगों को फायदा मिल रहा है । आज दिलप्रीत कौर (हनी) एवं दुर्गा इलेक्ट्रॉनिक के संचालक मनोज भैया ने,क्क+ ब्लड डोनेट किया और सुयश गुप्ता ने क्क+ एवं आशीष भारती ने ह्न+ ब्लड डोनेट कर जरूरत मंदो की यहायता की । इस द्वारान मेडिकल स्टाफ और समाज सेवी अंकुर जैन उपस्थित रहे । अंकुर जैन ने बताया कि प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को भी ब्लड बैंक से ब्लड दिया जा रहा है उसके लिए डॉक्टर से लिखवा कर लाना एवं क्रॉस मैच के लिए 2द्वद्य मरीज का खून लाना जरूरी है । ब्लड बैंक खुलने से एक ओर जहा मरीजों की जान बच रही है वहीं दूसरी ओर आर्थिक बोझ भी कम पड़ रहा है। केंद्रीय चिकित्सालय में ब्लड मात्र 1050 रुपये में दिया जा रहा है । जो कि सरकार द्वारा तय दर है , उसमें लोगो को उपलब्ध कराया जा रहा है । मरीज अब कोई भी ब्लड ग्रुप डोनेट करके अपनी जरूरत के अनुसार ब्लड प्राप्त कर सकते हैं मात्र 1050 राशि देकर ।

### भाजपा संगठन को बूथ तक किया जा रहा है मजबूत

# आगामी चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कसी कमर



**कोरिया।** कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तार योजना अंतर्गत भाजपा मंडल मनेंद्रगढ़, शक्ति केंद्र क्रमांक 07 बूथ क्रमांक 21 में अपना बूथ सबसे मजबूत समीक्षा बैठक भाजपा के वरिष्ठ समयदायिनी श्री जे. के. सिंह, विस्तारक श्री अंकुर जैन, साइबर विस्तारक सुश्री रूबी पासी व विधानसभा प्रभारी श्री आनंद ताम्रकार की उपस्थिति में आयोजित की गई जिसमें भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्री विवेक अग्रवाल मंडल महामंत्रीदव्य श्री संजय गुप्ता और श्री राम चरित्र द्विवेदी अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री वारिस अंसारी, इकबाल अहमद बूथ अध्यक्ष श्री हरिलाल यादव, श्री अशोक कुमार सिंह, श्री रितेश ताम्रकार, ब्लाल अख्तर शोभा यादव, भावेश बोहरा , रोशन सेन , मनोज साहु, किरण सिंह, जरीना बेगम, कमला यादव व अन्य सभी बूथ के आम जनों के साथ बूथ समिति का सत्यापन कार्यकर्ताओं से चर्चा व बूथ को सशक्त और सक्षम बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बड़ी संख्या में वार्ड वासी रहे मजबूत।

# कलेक्टर ने शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना तहत एमएमयू वाहन का किया औचक निरीक्षण

**कोरिया।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत जिले में सभी नगरीय निकायों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से इलाज की सुविधा दी जा रही है।कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने रविवार को मनेन्द्रगढ़ दौरे में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित एमएमयू वाहन का औचक निरीक्षण किया। वाहन में हाथ-पैर में दर्द तथा कमजोरी के इलाज के लिए आई श्रीमती दुरुपदी को कलेक्टर श्री शर्मा ने एमएमयू में ही जांच एवं अच्छे इलाज हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों के रजिस्टर, दवाईयों, आवश्यक उपकरणों की जांच की। कलेक्टर श्री शर्मा ने चिकित्सकीय टीम से दैनिक ओपीडी जानकारी ली, टीम ने बताया कि क्लीनिक में 88 के औसत से मरीज आ रहें हैं जिनका निःशुल्क जांच एवं इलाज किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने नई लेदरी में स्थित धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कलेक्टर श्री शर्मा ने संचालक से दवाईयों एवं सर्जिकल आईटम के स्टॉक की जानकारी ली। योजना के तहत मेडिकल स्टोर में निर्धारित सूची के अनुसार दवाइयों की कमी पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने सम्बन्धित एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि 1 सप्ताह के भीतर पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध कराएं, सूची में निर्धारित दवाइयों की कमी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजना के संचालन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजना के तहत स्टोर में हितग्राहियों के लिए 251 प्रकार की दवाइयां तथा 27 सर्जिकल आईटम पर्याप्त मात्रा में रखे जाने हैं।




# पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सेवादल का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न लगेगा प्रशिक्षण शिविर



**अनूपपुर।** कांग्रेस सेवादल का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन स्व सहायता भवन में संपन्न हुआ।जिसमें जिला कांग्रेस के अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सेवादल के महामंत्री शहडोल संभाग के सेवादल प्रभारी डॉ. विमल कुमार पांडे भी उपस्थित रहे।सेवादल के आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्राचार्य ललन सिंह मरावी सेवानिवृत्त के पश्चात अपनी आगे की सेवा कांग्रेस पार्टी की रीति नीति को स्वीकार करते हुए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करते हुए कांग्रेस में शामिल हुए।इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के प्रदेश के प्रशिक्षक डॉक्टर एहसान अली,जिला कार्यकारी अध्यक्ष और जनपद के उपाध्यक्ष संतोष पांडे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतलाल चंद्रवंशी, पूसलाल सिंह,श्याम धूमल सिंह, सेवादल के जिला अध्यक्ष जौहर अली के साथ ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ललन सिंह मरावी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किए।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने उन्हें माला पहनाकर साल श्रीफल देकर कांग्रेस में शामिल कराए।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्राध्यापक के शामिल होने से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी।वह कांग्रेश की रीति नीति और विचारधारा को क्षेत्र की जनता तक सहयोगात्मक रचनात्मक रूप से पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे उनके कांग्रेस में शामिल होने पर स्वागत करते हैं अभिनंदन करते हैं।कांग्रेस ,सेवादल कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला मोर्चा एवं मोर्चा संगठन के सभी साथियों ने शुभकामना प्रेषित किए हैं।साथ ही यह तय किया गया की कांग्रेस सेवादल का प्रशिक्षण अमरकंटक में जून माह में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल रजनीश सिंह, प्रदेश प्रशिक्षक डॉ.एहसान अली, बूथ मैनेजमेंट प्रशिक्षक नूरुल हसन, प्रदेश महासचिव कांग्रेस सेवादल विमल पांडे के साथ अन्य महत्वपूर्ण वरिष्ठ कांग्रेस के सेवादल के इस प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे।

# शहडोल , देश के हीरो शाहिद जनरल विपिन रावत स्मृति राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कर रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल द्वारा शहीद जनरल विपिन रावत को सच्ची श्रद्धांजलि दी है






**शहडोल।** शहडोल में इस तरह के आयोजन से युवाओं को सही दिशा मिलती है , आज के युवा शोशल मिडिया में शारीरिक मेहनत भूल जा रहा है इस तरह है इस तरह के आयोजन से युवा खेल मैदान की ओर वापस आते है , उक्त उद्गार रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल द्वारा 13 मई को आयोजित डे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि रेल महाप्रबंधक बिलासपुर आलोक कुमार ने व्यक्त किए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी , बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक आलोक सहायक रहे , कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल समन्वयक बी कृष्ण कुमार ने की किक्रेट टूर्नामेंट के संयोजक व संयुक्त महामंत्री महामंत्री रेलवे मजदूर कांग्रेस लक्ष्मण राव ने बताया कि शहीद जनरल विपिन रावत स्मृति राज्य स्तरीय टेनिस बाल डे-नाईट किक्रेट टूर्नामेंट का आयोजन रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल एवं दीप इवेन्ट मैनेजमेंट एण्ड इण्टरटेनमेंट शहडोल के द्वारा विगत 28 अप्रैल 2022 शुभारंभ किया गया था , जिसमें 32 किक्रेट टीमों ने भाग लिया , जिसका फाइनल मैच 13 मई 2022 को पुष्पेन्द्र इलेवन व एन सी सी क्लब शहडोल के बीच खेला गया , फाइनल मैच पुष्पेन्द्र इलेवन बिलासपुर ने जीता , विजेता टीम को शील्ड के साथ ही श41000 रुपए का चेक पुरस्कार दिया गया , वहीं उपविजेता एन सी सी शहडोल को शील्ड के 21000 चेक पुरस्कार दिया गया फाइनल मैच में रेलवे में रेलवे अधिकारी महाप्रबंधक सचिव हिमांशु जैन , वरीष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी बिलासपुर प्रदीप मिश्रा , वरीष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी सुश्री डा0 वर्षा नवल , डी ईई ओपी / टीआरडी शहडोल दुर्गेश मानेश्वर , एडीईन शहडोल अंकित यदुवंशी , एडीएस टी ई शहडोल मयंक गुप्ता , एआरएम बैकुंठपुर यादुवेंद्र सिंह भाटी , सी एच आई के डी मिश्रा , आई ओ डब्लू आर पी राना , सी आई प्रकाश साहू , जेई इलेक्ट्रिक एल्विन पिटर , रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी केन्द्रीय कोषाध्यक्ष डी के स्वाइन , शाखा सचिव बिलासपुर एम डी इस्लाम , शाखा सचिव अनूपपुर रामदास राठौर , शाखा मनेंद्रगढ़ कोषाध्यक्ष मो आलम , शहडोल शाखा सचिव बालकृष्ण बंगारी , शाखा अध्यक्ष सी एन सिंह , आर के तिवारी , एच आर शर्मा , दीपक बागची , अनूप सोनटके , एस के सिन्हा , अंकित शुक्ला , पुष्पेन्द्र शर्मा , अनील सिंह , अलीम खान , ओमकार बर्मन , मजहर खान , बी पी कोरी , वसीम अकरम , मनीष कुमार आदि।

जिले के 65 पहुंचविहीन ग्रामों तक बनी सड़क एवं पुल-पुलिया, जुड़े विकास के मुख्य मार्ग से'

# 'आम जनता तक बुनियादी आवश्यकताओं की पहुँच हुई आसान'





**कोरिया।** सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़कों का प्रमुख योगदान है। पक्के रास्तों के सहारे इन क्षेत्रों तक बुनियादी आवश्यकताओं के पहुँचने से जिले के पहुँचविहीन ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। वनांचलों से घिरे कोरिया जिले में सड़कों एवं पुल पुलिया आमजनों के लिए केवल पहुँच मार्ग ही नहीं बल्कि बेहतर भविष्य का रास्ता भी तैयार करने का माध्यम है। जिले में ग्रामवासियों के आवागमन को सुलभ बनाने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा 65 ग्रामों तक कुल 16.315 किमी सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण किया गया है। जिसमें विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम भण्डारपारा, शंकरपुर से लोटनपारा मार्ग में पुल पुलियों सहित 3 किमी सड़क का निर्माण किया गया है। जिससे इन गांवों में रहने वाले ग्रामीण रहवासियों को आवागमन का का सुलभ साधन मिला है।

केनापरा से नरसिंहपुर होते हुए देवरी, भण्डारपारा तक 2.05 किमी पुल पुलिया सहित सड़क का निर्माण किया गया है जिससे केनापरा, नरसिंहपुर, देवरी, नरकेली और पतरापाली के बसाहटों को लाभ मिल रहा है। इसी तरह कैलाशपुर से बोड़ार में 3.61 किमी सड़क निर्माण किया गया है। वहीं विकासखण्ड सोनहत के अंतर्गत सोनहत से बेलिया में 1 किमी सड़क निर्माण से केशगवां, तेलीमुड़ा, औरगई, बेलिया और संजारा के ग्रामीणों को सड़क मार्ग की सुविधा मिली है। इसी तरह विभाग द्वारा ग्राम उधनापुर से पैनारी तक 7.13 किमी मार्ग का निर्माण हुआ। जिससे उधनापुर, पैनारी कौड़ीमार के ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। जिले में प्रमुख शासकीय भवनों को मुख्य मार्ग से जोड़ने 47 भवनों तक मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनान्तर्गत पहुंच मार्ग बनाये गए हैं। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालिन अभियंता ने बताया कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्ग स जोड़ने के लिए विगत तीन वर्षों में जिले में 173.99 किमी की 146 सड़क कार्य हेतु 18625.09 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में 53 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा शेष कार्य प्रगति पर हैं।

# पुष्पराजगढ विधायक ने पेश की मानवता की मिशाल घायल को पहुँचाया प्रा. स्वास्थ केंद्र



**अनूपपुर।** पुष्पराजगढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं जिला कांग्रेसाध्यक्ष फुंदेलाल सिंह मार्को जी अपने रूटीन भ्रमण के दौरान मध्य रात्रि राजेंद्रग्राम के शिवरी चंदास मार्ग में देखा कि तेज प्रताप सिंह स्वर्गीय अमर सिंह मामू के नाती का मोटरसाइकिल से और अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हुआ हैं और वह वहां गिरा पड़ा है उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजेदग्राम में प्राथमिक चिकित्सा हेतु एडमिट कराया गया।पीड़ित की हालत बहुत गंभीर थी विधायक जी द्वारा 108 नंबर लगाने के बाद भी समय पर ना पहुंचने के कारण अन्य वाहन से दुर्घटनाग्रस्त तेज प्रताप सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेंद्रग्राम पहुंचाने की व्यवस्था की एवं स्वयं पहुंचकर उनका प्राथमिक उपचार प्रारंभ कराया।

# ऋषिकेश के पावन धरती पर आयोजित होगा दो दिवसीय संगीत महोत्सव

## सुरमई संगीत से होगी सुबह, शाम को रॉक बैंड मचाएंगे धमाल



**नई दिल्ली।** हिमालय की तराई और गंगा के तट, ऋषिकेश की पावन धरती पर देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय 14-15 मई को ऋषिकेश संगीत महोत्सव 2022, जीवन लय का आयोजन करने जा रहा है। इस महोत्सव को संगीत नाटक अकादेमी और कुटानी हैंडपैन एकेडमी मिलकर आयोजित कर रहे हैं, जिसमें उत्तराखंड सरकार, उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड, जिला प्रशासन, टिहरी गढ़वाल और परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश का भी विशेष सहयोग है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, उत्तराखंड के वन और जलवायु परिवर्तन, भाषा, निर्वाचन, तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुबोध उनियाल और ऋषिकेश की मेयर श्रीमती अनीता ममगाई समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। दो दिन दो सत्रों में होंगे कार्यक्रम कार्यक्रम का पहला सत्र परमार्थ निकेतन,ऋषिकेश में सुबह 5.30 बजे से और दूसरा सत्र शाम 5 बजे से पूर्णानंद मैदान में आयोजित होगा। वहीं, दूसरे दिन का पहला सत्र सुबह 5 बजे से परमार्थ निकेतन में और दूसरा सत्र शाम 5 बजे से पूर्णानंद मैदान में आयोजित होगा। ऋषिकेश में सुबह होगी संगीत से और शाम में रॉक बैंड मचाएंगे धमाल इस दो दिवसीय संगीत महोत्सव की शुरूआत श्री स्वामी नारायन वैदिक ऋषिकुल द्वारा संगीत के मूलभूत पाठ, सामवेद के आह्वान के साथ होगी। इसके बाद संजीव और अश्विनी शंकर द्वारा शहनाई और स्मित तिवारी द्वारा सरोद के धुन के साथ महोत्सव को आगे बढ़ाया जाएगा। फिर नाद योग हमें पहले दिन की गतिविधियों के लिए तैयार करेगा। जिसमें बाबा कुटानी, हैंडपैन पर एक कार्यशाला का भी आयोजन करेंगे।

इसके बाद कार्यक्रम के दूसरे सत्र की शुरुआत शाम 5 बजे त्रिवेणी घाट पर बाउल संगीत के साथ गंगा आरती से की जाएगी। गंगा आरती के बाद अर्ज़ बैंड और कैलाश खेर के कैलासा बैंड की प्रस्तुति भी होगी।दूसरे दिन के पहले सत्र की शुरूआत बहाउद्दीन डागर की रुद्र वीणा के साथ होगी। फिर नागस्वरम और बांसुरी पर एक हिंदुस्तानी-कर्नाटक संगीत की जुगलबंदी होगी। इसके बाद बीटल्स गांव के लिए यात्रा और बांसुरी और डिजरिडू की बनावट पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन के अंतिम सत्र में स्वास्तिक बैंड, इंडियन ग्रूवर्स प्रस्तुति देंगे।

4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमि पूजन और लोकार्पण

# आम आदमी तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने निरंतर काम कर रही भूपेश सरकार - गुलाब



**कोरिया।** सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो लगातार दौरा कर रहे हैं और इस दौरान करोड़ों रूपए के विकास कार्यों के भूमि पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम का सिलिसला लगातार जारी है। इसी कड़ी में विधायक कमरो के द्वारा शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 4 करोड़ 31 लाख रूपए के विकासकार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया गया। विधायक गुलाब कमरो द्वारा ग्राम पंचायत चौघड़ा में 1 लाख 32 हजार रूपए की लागत से शेड निर्माण, ग्राम पंचायत लालपुर के बंसोरपारा में सीसी रोड निर्माण 10 लाख, ग्राम पिपरिया के वार्ड क्र. 2 में आंगनबाड़ी की ओर सीसी रोड निर्माण 5 लाख, ग्राम साल्हीपरताहानपारा में सीसी रोडनिर्माण 10 लाख, ग्राम सिरियाखोह में माध्यमिक शाला के पास आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य 10 लाख, ग्राम महाराजपुर में आंगनबाड़ी मार्ग में सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख 94 हजार, ग्राम सरभोका बस्ती में डोंगरीटोला तक सड़क निर्माण कार्य 3 करोड़ 73 लाख 51 हजार, ग्राम अमृतधारा (लाई) में 10 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमि पूजन के साथ ग्राम नागपुर में 4 लाख की लागत से हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार कार्य एवं लोकार्पण किया गया। वहीं विधायक द्वारा 1 लाख 75 हजार रूपए का कीमत का पानी का टैंकर भी सार्वजनिक पेयजल हेतु ग्राम पंचायत नागपुर को प्रदाय किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए विधायक कमरो ने कहा कि आम आदमी तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने और सभी का जीवन स्तर सुधारने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। गाँव, गरीब किसानों और मजदूरों के हित में सरकार द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। पूरे प्रदेश में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार चल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश के साथ वनांचल क्षेत्र भरतपुर-सोनहत क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। इस अवसर पर मनेंद्रगढ़ जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य कमली बाई, रोशन सिंह, कृष्णा सिंह, नानकुंवर, सरपंच संतोष सिंह, महेंद्र सिंह, अमोल सिंह मरावी, ललिता, रामबाई, फूलमती उइके, बूटल बाई, तेजकुंवारी, सोनसाय के अलावा अमर सिंह, अज्जू रवि, कांग्रेस जिला महामंत्री अधिवक्ता रामनरेश पटेल, विवेक चतुर्वेदी एवं मोती सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### कड़ी धूप में पेड़ों के छांव तले विधायक ने लगाई चौपाल

प्रवास के दौरान विधायक गुलाब कमरो ने मनेंद्रगढ़ विकासखंड के कई ग्रामों में सघन जनसंपर्क किया साथ ही शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी की परवाह किए बगैद्ध पेड़ों के छांव तले जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों से अवगत कराया साथ ही सरकार की महती योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील की। जन चौपाल में विधायक ने ग्रामीणों की कई समस्याओं का मौके पर ही बैठकर निराकरण किया शेष के लिए सक्षम अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के आदेश दिए गए। ग्रामीणों की कई मांगों को विधायक ने मौके पर ही उसे सहर्ष पूरा करने की घोषणा की।

### महिला सरपंच सहित 20 ने थामा कांग्रेस का दामन

एक ओर विधायक गुलाब कमरो क्षेत्र का दौरा कर जहां निरंतर विकास कार्यों की सौगात दे रहे हैं वहीं रोजाना जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं। शुक्रवार को ग्राम पंचायत सिरियाखोह में आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य के भूमि पूजन उपरांत सिरियाखोह सरपंच फूलमती उइके सहित करीब 20 ग्रामीणों ने भूपेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों एवं विधायक गुलाब कमरो की कार्यशैली से प्रभावित होकरकांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। विधायक ने सभी को गमछा पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया और कहा कि इससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

# *हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में कोरिया की बेटियों ने मारी बाजी*




***कोरिया।*** *हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में कोरिया जिले की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दोनों ही बोर्ड परीक्षाओं में बेटियों ने बाजी मारी है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से समूचे कोरिया जिले में हर्ष की लहर है। सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि जहां बेटियां पढ़ेंगी वहां विकास भी बढ़ेगा। न्यू लाईफ इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर की कक्षा 10वीं की छात्रा अंजिला कुशवाहा पिता दुर्गा कुशवाहा माता श्रीमती सुनीता कुशवाहा ने 600 में से 581 अंक अर्जित कर 96.83 प्रतिशत अंकों के साथ कोरिया जिले में पहला और प्रदेश की टॉप टेन सूची में 10वां रैंक हासिल किया है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। छात्रा अंजिला के पिता किराना व्यवसायी और माता गृहिणी है। माता-पिता की तमन्ना है कि उनकी बेटी पढ़-लिखकर एक दिन खूब नाम कमाए। छात्रा अंजिला ने कहा कि नीट क्वालिफाई कर एमबीबीएस करने के बाद डॉक्टर बनना चाहती है। उसने कहा कि वह डॉक्टर बनकर सुदूर वनांचल क्षेत्र में अपनी सेवा देना चाहती है तथा चिकित्सा सेवा में एक दिन खूब नाम कमाकर वह अपने माता-पिता का सपना जरूर साकार करेगी।*

***मनेंद्रगढ़ की दिशा सोनी बनना चाहती है सीए:*** *शासकीय कन्या गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल मनेंद्रगढ़ कक्षा 12वीं की छात्रा दिशा सोनी पिता रामदास सोनी एवं माता श्रीमती रमा सोनी ने 92.20 अंक अर्जित कर हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में कोरिया जिले में पहला स्थान हासिल कर क्षेत्र एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। छात्रा दिशा सोनी के पिता प्राइवेट जॉब करते हैं वहीं बड़ा भाई सुधांशु सोनी कोचिंग सेंटर संचालक है। छात्रा ने अपनी सफलता का पहला श्रेय अपने भाई सुधांशु एवं इसके बाद अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया। छात्रा ने कहा कि भाई सुधांशु के द्वारा बोर्ड परीक्षा के लिए उसकी खासी तैयारी कराई गई थी। छात्रा दिशा ने कहा कि भविष्य में वह सीए बनना चाहती है और इसके लिए वह अभी से तैयारी में जुटी हुई है।*

संपादकीय

## उत्तर भारतीयों से माफी मांग कर ही राजनीति में आगे बढ़ सकते हैं राज ठाकरे




**प्रभु** राम की नगरी अधोध्या में एक बार फिर सियासी हलचल बढ़ गई है। यह हलचल अगले माह महाराष्ट्र के कट्टर विरोधी दो दिग्गज नेताओं के अयोध्या कार्यक्रम से बढ़ी है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे 5 जून को अयोध्या आ रहे हैं जबकि उनके भतीजे और उद्धव ठाकरे के मंत्री पुत्र और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे 10 जून को अयोध्या आएंगे। महाराष्ट्र के कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले भी जल्द ही अयोध्या में नजर आ सकते हैं। मिली खबर के मुताबिक अयोध्या के दशरथ गद्दी के महंत बृज मोहन दास ने नाना पटोले को अयोध्या आने का न्योता दिया है। महंत ने महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यालय में जाकर नाना पटोले से मुलाकात भी की है। हालांकि पटोले की अयोध्या यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है। बता दें कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार के पोते रोहित पवार भी पिछले दिनों अयोध्या आकर रामलला के दर्शन कर चुके हैं। चर्चा यह भी है कि महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे के अयोध्या आने का कार्यक्रम भी बनाया जा रहा है। महाराष्ट्र में हिन्दुत्व की सियासी जंग अयोध्या में मुखर होकर दिखाई दे रही है तो दूसरी तरफ मनसे और शिवसेना नेताओं के दौरे को लेकर पोस्टर वॉर भी शुरू हो गई है। शिवसेना ने अपने पोस्टरों में लिखा है, असली आ रहा है, नकली से सावधान।' शिवसेना राज ठाकरे को नकली राम भक्त बता रही है। उधर, महाराष्ट्र की राजनीति से इतर उत्तर प्रदेश में भी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे का विरोध हो रहा है। राज ठाकरे को उनके उत्तर भारतीयों के खिलाफ दिए गए बयान याद दिलाए जा रहे हैं। इसीलिए राज ठाकरे के दौरे का विरोध नेता ही नहीं अयोध्या के साधु संत भी कर रहे हैं। कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने भी राज ठाकरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि पहले उत्तर भारतीयों से राज ठाकरे माफी मांगें और उसके बाद वह अयोध्या आएं। बाबरी पक्ष के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी भी साधू संतों और बीजेपी नेताओं के सुर में सुर मिलाते हुए मनसे प्रमुख राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे हैं। हाल ही में हिन्दुत्व को लेकर आक्रामक हुए राज ठाकरे के अयोध्या दौरे को अगले वर्ष होने वाले नगर निकाय और 2024 में होने वाले महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनैतिक पंडितों का कहना है कि शिवसेना के बीजेपी से दूरी बना लेने के बाद बीजेपी को महाराष्ट्र में नये साथी की तलाश है और इसके लिए उसे राज ठाकरे सही विकल्प लग रहे हैं।

# प्रधानमंत्री का नेपाल दौरा दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने में सफल रहा

*बुद्ध पूर्णिमा के दिन नेपाल पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी स्थित माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और विश्व शांति का वरदान मांगा। प्रधानमंत्री ने वहां अशोक स्तम्भ के भी दर्शन किये और दीप जलाये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से लुम्बिनी में नेपाल की जनता को संबोधित किया वह एक बहुत ही सुखद व सकारात्मक संदेश दे रहा था और वह संबोधन कई मायने में ऐतिहासिक कहा जायेगा क्योंकि उसमें चीन सहित उन सभी लोगों को संदेश दिया गया जो यह समझ रहे थे कि नेपाल और भारत के बीच अब खाई इतनी गहरी हो गयी है कि उसे भर पाना बहुत ही मुश्किल है। प्रधानमंत्री ने धर्म, आस्था, संस्कृति के समागम के साथ भारत-नेपाल मैत्री के नये युग की शुरूआत के संकेत दिये।*

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नेपाल की यात्रा की, यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब विश्व का बहुत बड़ा हिस्सा युद्ध और हिंसा के वातावरण के दौर से गुजर रहा है। विश्व के कई देश कोविड महामारी के बाद आंतरिक अशांति से गुजर रहे हैं तथा पूरा विश्व समुदाय भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है। इसके अतिरिक्त ये ऐसा समय है जब नेपाल में बहुत दिनों के बाद भारत का समर्थन करने वाली सरकार बनी है। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के पहले वाली सरकार पर चीन का प्रभुत्व था और चीन की शह पर नेपाल भारत के खिलाफ चल पड़ा था यहाँ तक कि उसने भारत के कुछ हिस्सों पर अपना दावा भी पेश करना शुरू कर दिया था जिसके कारण नेपाल और भारत सरकार के बीच सम्बन्धों की मधुरता समाप्त प्राय हो गयी थी। इसी बीच नेपाल में आंतरिक राजनैतिक उठापटक हुई और शेर बहादुर देउबा वहां के नए प्रधानमंत्री बने जिसके बाद अब एक बार फिर भारत और नेपाल के बीच सकारात्मक वातावरण बना है।

बुद्ध पूर्णिमा के दिन नेपाल पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी स्थित माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की और विश्व शांति का वरदान मांगा। प्रधानमंत्री ने वहां अशोक स्तम्भ के भी दर्शन किये और दीप जलाये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से लुम्बिनी में नेपाल की जनता को संबोधित किया वह एक बहुत ही सुखद व सकारात्मक संदेश दे रहा था और वह संबोधन कई मायने में ऐतिहासिक कहा जायेगा क्योंकि उसमें चीन सहित उन सभी लोगों को संदेश दिया गया जो यह समझ रहे थे कि नेपाल और भारत के बीच अब खाई इतनी गहरी हो गयी है कि उसे भर पाना बहुत ही मुश्किल है। प्रधानमंत्री ने धर्म, आस्था, संस्कृति के समागम के साथ भारत-नेपाल मैत्री के नये युग की शुरूआत के संकेत दिये। प्रधानमंत्री ने अपनी नेपाल यात्रा के माध्यम से सारनाथ से लुंबिनी वाया कुशीनगर के विकास का खाका तैयार कर दिया है। इस बीच भारत और नेपाल के मध्य छह समझौते भी हुए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के मध्य द्विपक्षीय वार्ता भी हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री का लुंबिनी में स्वागत वास्तव में बहुत अभूतपूर्व रहा। जब वह मायादेवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाहर निकले तो लोग उनको देखने और उनसे मिलने के लिए आतुर हो रहे थे। सड़क के दोनों ओर खड़े लोग भारत माता की जय की नारे लगा रहे थे। वहां के जनमानस में भारत के प्रति प्रेम उमड़ रहा था। ऐसा प्रतीत ही नहीं हो रहा था कि यह लोग चीन की भारत विरोधी नीतियों से प्रभावित हो सकते हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी में वहां उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया और लोगों ने जिस प्रकार से मोदी-मोदी के नारे लगाकर उनका स्वागत और समर्थन किया उससे भारत के प्रति उनके



■ **जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी में वहां उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया और लोगों ने जिस प्रकार से मोदी-मोदी के नारे लगाकर उनका स्वागत और समर्थन किया**

सहज प्रेम का अनुमान पूरे विश्व को हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लुम्बिनी में अपने सम्बोधन में कहा कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर से नेपाल के लोग भी खुश हैं जिसके बाद वहां उपस्थित जनसमुदाय में आनंद की नयी लहर दौड़ गयी। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु राम के युग से ही नेपाल भारतीयों के लिए आस्था का केंद्र रहा है क्योंकि वह माता सीता का घर है। दोनों देश मिलकर मानवता के लिए काम करेंगे और पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को पहुंचाएंगे। वर्तमान वैश्विक हालात को देखते हुए तय है कि भारत और नेपाल का सम्बंध और मजबूत होगा। दोनों देशों के बीच सिर्फ व्यावसायिक सम्बंध नहीं है अपितु सांस्कृतिक और सामाजिक सम्बंध भी हैं। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान भारत और नेपाल के बीच छह समझौते हुए हैं जिनमें भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद और लुंबिनी बौद्ध विश्व विद्यालय के बीच डॉ. अम्बेडकर पीठ को स्थापित करने के लिए करार हुआ। नेपाली विश्व विद्यालय में भारतीय अध्ययन पीठ बनाने, काठमांडू विश्व विद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बीच भी एक समझौता हुआ है। काठमांडू विश्व विद्यालय और आईआईटी मद्रास के बीच स्नातक स्तर पर संयुक्त डिग्री पाठयक्रम शुरू करने को लेकर भी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये गये हैं। सतलुज जल विद्युत् निगम और नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के बीच पनबिजली परियोजना लगाने के लिए समझौता हुआ है। साथ ही लुंबिनी और कुशीनगर को जुड़वा शहरों के रूप में विकसित करने पर भी दोनों देशों के बीच सैद्धांतिक समहति बनी है। प्रधानमंत्री ने अपनी यात्रा से प्रेम, सौहार्द, भाईचारे की भावना की मजबूती पर बल दिया है। पीएम मोदी ने धर्म, शिक्षा, संस्कृति, व्यापार के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने की बात कही। प्रधानमंत्री ने लुम्बिनी में कहा कि सारनाथ, बोधगया, कुशीनगर और लुम्बिनी को जोड़कर बौद्ध सर्किट बनेगा। बुद्ध के सभी स्थानों को एक सूत्र में पिरोने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सारनाथ, बोधगया, कुशीनगर और लुबिंनी दोनों देशों की साझी विरासत है।

इन्हें साथ मिलकर विकसित करना है। प्रधानमंत्री का यह कहना कि भारत रिश्तों में नेपाल को हिमालय जैसी ऊंचाई देगा, आगामी भविष्य के लिए बहुत कुछ संकेत दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आठ वर्ष पहले हमने जो पौधा भेजा था अब वह वृक्ष होने जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेपाल दौरे की एक सबसे बड़ी विषेषता यह रही कि भारत-नेपाल सीमा सोनौली में इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का निर्माण करीब 20 साल से अधर में है तथा किसानों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद भी मसला हल नहीं हुआ है लेकिन लुंबिनी में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उसका उल्लेख किया है जिसके कारण उसे भी संजीवनी मिल गयी है। प्रधानमंत्री की नेपाल यात्रा से नेपाली पीएम देउबा भी बहुत गदगद नजर आ रहे थे। नेपाली पीएम देउबा ने कहा कि प्रधानमंत्री की नेपाल यात्रा से विशेषकर लुम्बिनी को वैश्वकि पहचान मिलेगी। उनके यहां आने से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सम्बंधों को और मजबूती मिलेगी। नेपाली शहर लुंबिनी में नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ हुई द्विपक्षीय मुलाकात से दोनों देशों के बीच विगत दिनों उपज रहे तनाव को दूर कर सम्बंध सशक्त करने में मदद मिली है। दोनों देशों की तरफ से शुरू होने वाले विशेष कार्यक्रमों के अलावा कनेक्टिविटी, अर्थव्यवस्था, कारोबार, ऊर्जा के क्षेत्र में भावी समझौतों और परियोजनाओं पर भी बात हुई है।

# फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो में शामिल होने की इच्छा तो जता दी है, पर क्या ऐसा हो पायेगा?

'नाटो' नामक सैन्य संगठन में अब यूरोप के दो नए देश भी जुड़नेवाले हैं। ये हैं- फिनलैंड और स्वीडन। इस तरह 1949 में अमेरिका की पहल पर बने 15 देशों के इस संगठन के अब 32 सदस्य हो जाएंगे। यूरोप के लगभग सभी महत्वपूर्ण देश इस सैन्य संगठन में एक के बाद एक शामिल होते गए, क्योंकि शीतयुद्ध के जमाने में उन्हें सोवियत संघ से अपनी सुरक्षा चाहिए थी और सोवियत संघ के खत्म होने के बाद उन्हें स्वयं को संपन्न करना था। फिनलैंड, स्वीडन और स्विटजरलैंड जान-बूझकर सैनिक गुटबंदियों से अलग रहे लेकिन यूक्रेन पर हुए रूसी हमले ने इन देशों में भी बड़ा डर पैदा कर दिया है। फिनलैंड तो इसलिए भी डर गया है कि वह रूस की उत्तरी सीमा पर अवस्थित है। रूस के



साथ उसकी सीमा 1340 किमी की है, जो नाटो देशों से दुगुनी है। फिनलैंड पर हमला करना रूस के लिए यूक्रेन से भी ज्यादा आसान है। यूक्रेन की तरह फिनलैंड भी रूसी साम्राज्य का हिस्सा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग से मास्को जितनी दूर है, उससे भी कम दूरी (400 किमी) पर फिनलैंड है। द्वितीय महायुद्ध के बाद फिनलैंड तटस्थ हो गया लेकिन स्वीडन तो पिछले 200 साल से किसी भी सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं हुआ। अब ये दोनों देश नाटो में शामिल होना चाहते हैं, यह रूस के लिए बड़ा धक्का है।

उधर दक्षिण कोरिया भी चौगुटे (क्वाड) में शामिल होना चाह रहा है। ये घटनाएं संकेत दे रही हैं– नई वैश्विक गुटबाजी के! रूस और चीन मिलकर अमेरिका को टक्कर देना चाहते हैं और अमेरिका उनके विरुद्ध सारी दुनिया को अपनी छतरी के नीचे लाना चाहता है। यदि फिनलैंड और स्वीडन नाटो की सदस्यता के लिए अर्जी डालेंगे तो भी उन्हें सदस्यता मिलने में साल भर लग सकता है, क्योंकि सभी 30 देशों की सर्वानुमति जरूरी है। नाटो के महासचिव ने इन दोनों देशों का स्वागत किया है लेकिन मास्को ने काफी सख्त प्रतिक्रिया दी है। रूसी प्रवक्ता ने कहा है कि नाटो का यह विस्तार रूसी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। रूस चुप नहीं बैठेगा। वह जवाबी कार्रवाई करेगा। वह फौजी, तकनीकी और आर्थिक कदम भी उठाएगा। रूस ने धमकी दी है कि वह फिनलैंड को गैस की सप्लाई बंद कर देगा।

## समान नागरिक संहिता कानून मुस्लिम महिलाओं के लिए विशेष लाभकारी सिद्ध होगा

**समान** नागरिक संहिता को लेकर देशभर में एक बार फिर से बहस जारी है। देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की बात बार-बार उठती रही है, परन्तु इस पर विवाद होने के पश्चात यह मामला दब कर रह जाता है। किन्तु जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की वापसी हुई है, तब से यह मामला फिर से चर्चा में है। जहां भाजपा इसे देशभर में लागू करना चाहती है, वहीं मुस्लिम संगठन इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समाज में विवाह कानूनों को लेकर ब्रिटिश शासनकाल से ही विवाद होता रहा है, क्योंकि मुसलमानों में बहु पत्नी प्रथा का चलन है। शरीयत के अनुसार पुरुषों को चार विवाह करने का अधिकार है। ऐसी स्थिति में मुस्लिम समाज में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय होगी, यह सर्वविदित है। पति जब चाहे पत्नी को तीन तलाक कहकर घर से निकाल देता है। ऐसी स्थिति में महिला का जीवन नारकीय बन जाता है। शाह बानो प्रकरण ने लोगों का ध्यान इस ओर खींचा था। वर्ष 1978 में शाह बानो



नाम की वृद्धा को उसके पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। उसके पांच बच्चे थे। पीड़ित महिला के पास जीविकोपार्जन का कोई साधन नहीं था। उसके पति ने उसे गुजारा भत्ता देने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। इस पर महिला ने न्यायालय का द्वार खटखटाया। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचने में सात वर्ष लग गए। वर्ष 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने उसके पति को निर्देश दिया कि वह अपनी तलाकशुदा पत्नी को जीविकोपार्जन के लिए मासिक भत्ता दे। न्यायालय ने यह निर्णय अपराध दंड संहिता की धारा-125 के अंतर्गत लिया था।

# सौ-सौ बिस्तरीय बालक व बालिका दो छात्रावासों का किया लोकार्पण

**रायसेन।** स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने रायसेन में 385.37 लाख रुपये की लागत राशि से बने उत्कृष्ट विद्यालय के 100 बिस्तरीय बालक छात्रावास भवन का लोकार्पण किया गया। साथ ही 386.40 लाख रुपये की लागत राशि से बने 100 बिस्तरीय बालिका छात्रावास भवन का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले उन्हें पढ़ाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में सीएम राइस स्कूल खोले जा रहे हैं। प्रत्येक सीएम राईज स्कूल की लागत 25 से 30 करोड़ रुपये है। इन स्कूलों में बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी प्रकार की सुविधाएं, व्यवस्था उपलब्ध रहेंगी। पहले चरण में सांची विधानसभा क्षेत्र में तीन सीएम राइस स्कूल स्वीकृत किए गए है। इनमें एक-एक गैरतगंज, रायसेन और सांची में खोले जा रहे है।




## कृषि विकास कार्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

स्वास्थ्य मंत्री ने 77.96 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित भवन उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय का लोकार्पण किया गया। इस भवन के बन जाने से किसानों को भी उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा खेती से जुड़ी जानकारियां प्राप्त होंगी। डा चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों व हर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए काम किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ग के लिए संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचे यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

## गेहूं का निर्यात बंद होने से व्यापारी दो दिनी हड़ताल पर, मंडी बंद

***रायसेन।*** *गेहूं का निर्यात बंद होने से मप्र गल्ला व्यापारी संघ ने हड़ताल शुरू कर दिया है। संघ के आह्वान पर मंगलवार को रायसेन कृषि उपज मंडी में भी व्यापारियों ने गेहूं की खरीदी नहीं की है। इस कारण कृषि मंडी बंद रही। बताया जाता है कि केंद्र सरकार के गेहूं निर्यात पर रोक लगाने के फैसले के बाद गल्ला व्यापारियों ने मध्यप्रदेश अनाज संघ के आह्वान पर दो दिवसी मंडी बंद रखकर हड़ताल शुरू कर दी गई। व्यापारी सरकार के निर्णय का विरोध कर रहे हैं। जिसके चलते जिले की सभी मंडियों में मंगलवार को व्यापारियों ने खरीदी बंद रखी। मंडियों में खरीदी नहीं होने के कारण दूर-दूर से अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों को काफी परेशानी हुई है। हड़ताल के बाद किसान परेशान होते नजर आए। प्रतिदिन की तरह सुबह से किसान मंडी में अनाज बेचने के लिए पहुंच गए थे। करीब पचास टैक्टर ट्रालियां मंडी में अनाज लेकर पहुंचीं। लेकिन व्यापारियों ने हड़ताल की घोषणा कर दी है। मंगलवार को कृषि उपज मंडी में बड़ी संख्या में दूर-दूर से किसान अपनी उपज लेकर पहुंचे थे। मंडी में आकर पता चला कि व्यापारियों ने दो दिन की हड़ताल कर है। जिले के सदालतपुर के किसान नसीम खान अपनी 30 क्विंटल गेहूं की उपज लेकर मंडी पहुंचे थे।*

# किसानों को शून्य बजट की प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया



**रायसेन।** जिले के नकतरा कृषि विज्ञान केन्द्र में बुधवार को मध्यप्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास योजनान्तर्गत एक दिवसीय शून्य बजट प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गुजरात से आए राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नरसंग भाई मोरी व उप संचालक कृषि एनपी सुमन, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जीएस रैकवार, सहायक संचालक कृषि जितेन्द्र नामदेव, दुष्यंत धाकड़, नीलमणी, उपसंचालक पशुपालन डा. पीके अग्रवाल, सहायक कृषि यंत्री डीएस कोठारी, फार्मर ट्रेनिंग सेंटर प्राचार्य सरनाम सिंह व डा. स्वप्निल दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपसंचालक सुमन ने कहा कि वर्तमान स्थिति में प्राकृतिक खेती किसानों के लिए लाभदायक है। इसमें लागत में कमी व गुणवत्तायुक्त पैदावार प्राप्त होती है। जिसका बाजार में अच्छा मूल्य मिलता है। सरकार के द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिले में आत्मा गवर्निंग बोर्ड के माध्यम से 100 ग्रामों का चयन कर योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। डा. दुबे ने कहा कि जीरो बजट प्राकृतिक खेती देशी गाय के गोबर व गोमूत्र पर आधारित है। इस पद्धति में महंगे रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक, खरपतवार नाशक व फफूंदनाशक की आवश्यकता नहीं होती। जिससे कृषि लागत में कमी आती है। देश में प्राकृतिक खेती की शुरूआत आंध्र प्रदेश से हुई। इसके बाद कर्नाटक, हिमाचल व वर्तमान में मध्यप्रदेश की जा रही है। नोडल अधिकारी मोरी ने प्राकृतिक खेती की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्राकृतिक खेती की शुरुआत महाराष्ट्र के किसान सुभाष पालेकर द्वारा की गई व बाद में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा प्राकृतिक खेती का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के मुख्य स्तंभ जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, आच्छादन, व्हापसा हैं। जिसमें जीवामृत का फसलों में छिड़काव, बीजामृत का बीजोपचार, मृदा व भूंसे से आच्छादन, व नमी की पूर्ती कर फसलों का अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है।

# मंडी में दूसरे दिन भी पसरा सन्नाटा, व्यापारी हड़ताल पर



**रायसेन।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को दूसरे दिन भी सन्नााटा पसरा रहा। सभी अनाज व्यापारी हड़ताल पर हैं। इस कारण किसी भी किसान का अनाज मंडी में खरीदा नहीं गया। मंगलवार को व्यापारी हड़ताल पर चले गए थे। चूंकि इस दिन किसानों को जानकारी नहीं थी इसलिए करीब पचास ट्रैक्टर ट्रालियों में अनाज भरकर किसान बिक्री के लिए मंडी आए थे। लेकिन हड़ताल के कारण वापस जाना पड़ा। बुधवार को कोई भी किसान अनाज लेकर मंडी नहीं पहुंचा। व्यापारियों ने मप्र अनाज व्यापारी संघ के आह्वान पर दो दिनी हड़ताल की है। मंडी बंद होने से करीब दस हजार किसानों को गेहूं अन्यंत्र बेचना पड़ रहा है। प्रतिदिन पांच हजार क्विंटल गेहूं खरीदी प्रभावित हो रही है। भारत से गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के विरोध में व्यापारी हड़ताल कर रहे हैं। इस साल व्यापारियों ने बड़ी मात्रा में गेहूं की खरीदी की है। जिले भर की मंडियों में व्यापारियों ने अब तक दो लाख टन से अधिक गेहूं की निजी रूप से खरीदी की है। जबकि समर्थन मूल्य पर सरकार ने चार लाख टन गेहूं खरीदा है। इस साल जिला आपूर्ति निगम को छह लाख टन गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदने का लक्ष्?य है। 31 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जारी रहेगी। जिले में करीब 87 हजार किसानों समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया है। जिनमें से 44 हजार किसानों ने गेहूं बेच दिया है। जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में व्यापारियों की हड़ताल के कारण निजी खरीदी बंद है। इस कारण अब किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। जबकि पहले मंडी में अधिक भाव मिलने के कारण किसान निजी व्यापारियों को गेहूं बेचने में रुचि दिखा रहे थे। व्यापारियों की हड़ताल से किसानों ने सरकारी खरीदी केंद्रों की ओर रुख कर लिया है।













# एम्बर्ड हर्ड, जॉनी डेप विवाद के मामले में बहन हेनरिकेज ने दी गवाही

हॉलीवुड एक्ट्रेस एम्बर हर्ड और उनके पूर्व पति जॉनी डेप के बीच विवाद में एक के बाद एक हैरान कर देने वाले खुलासे हो रहे हैं। दरअसल अभिनेत्री ने उनके साथ हुई घरेलू हिंसा का खुलासा करते हुए, जॉनी डेप पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। जिसके बाद जॉनी डेप ने हर्ड पर मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाया था। सुनवाई के दौरान हर्ड द्वारा डेप पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि करने के लिए अब इस मामले में एम्बर्ड हर्ड की वह व्हिट्नी हेनरिकेज को भी कोर्ट में गवाही के लिए बुलाया गया था। जिसके बाद उन्होंने हिला कर रख देने वाली बातों का जिक्र किया। व्हिट्नी हेनरिकेज ने बताया की झगड़े के दौरान जॉन डेप बार-बार उनकी बहन के चेहरे पर मारते थे।



## कहा- जॉनी डेप ने बार बार हर्ड के चेहरे पर मारा

अभिनेत्री एम्बर्ड हर्ड की बहन व्हिट्नी हेनरिकेज साल 2015 में मार्च में पेंटहाउस के अंदर जॉनी और एम्बर्ड के बीच हुए झगड़े का जिक्र करते हुए ज्यूरी को बताया, दोनों के बीच बहस हो रही थी और इस दौरान जॉनी ने बार-बार एम्बर हर्ड को चेहरे पर मारा था। उन्होंने बताया कि चार साल के रिश्ते में जॉनी ने कई बार एम्बर्ड पर हमला किया था। रिपोर्ट के अनुसार मानहानि के मुकदमे में उनकी बहन भी प्रतिवादी हैं, इसलिए व्हिटनी हेनरिकेज को हर्ड द्वारा जॉन डेप पर लगाए गए आरोपों की पुष्टी के लिए बुलाया गया था।

### व्हिटनी हेनरिकेज ने डेप पर लगाए गंभीर आरोप

व्हिटनी हेनरिकेज ने आगे बात करते हुए बताया कि झगड़े के दौरान दोनों बुरी तरह एक दूसरे पर चिल्ला रहे थे, जॉनी ऊपर की तरफ भागा और हेनरिकेज को पीठ पर मारा और इसके बाद हर्ड ने उसे यह कहते हुए मारा,卐मेरी बहन को मत मारो卐। उसके बाद उसका सुरक्षा गार्ड सीढ़ियों से ऊपर भागा। हेनरिकेज ने कहा, 卐जॉनी पहले ही एक हाथ से एम्बर को बालों से पकड़ चुका था और दूसरे हाथ से उसके चेहरे पर बार-बार वार कर रहा था, क्योंकि मैं वहां खड़ी थी।卐 हेनरिकेज ने बताया कि उन्हें सुरक्षा गार्ड द्वारा अलग किया गया।

### करियर को बर्बाद करने के लिए लगाए झूठे आरोप

बता दें कि डेप के द्वारा हर्ड पर किए गए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मानहानि के मुकदमे के खिलाफ एम्बर्ड हर्ड अपना बचाव कर रही हैं। डेप की टीम ने हर्ड पर शारीरिक और यौन उत्पीड़न के झूठे आरोपों के साथ उनके करियर को बर्बाद करने का आरोप लगाया। डेप ने अप्रैल में चार दिनों के दौरान अपने संबंधों का अपना विवरण दिया।

# अर्जुन-मलाइका शादी के लिए तैयार और साउथ एक्टर का बॉलीवुड पर तंज

■ 75वें फिल्म फेस्टिवल में केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रतिनिधिमंडल में हिंदी सिनेमा जगत की दस हस्तियां शामिल हुईं।



***हिंदी फिल्म इंडस्ट्री और साउथ की फिल्मों को लेकर काफी दिनों से बहस चल रही है। अजय देवगन और किच्चा सुदीप की बहस से शुरू हुआ ये मुद्दा गर्माता जा रहा है। हर दिन इस विषय पर किसी न किसी के रिएक्शन आ रहे हैं। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज और साउथ के अभिनेता इस बारे में अपने विचार रख चुके हैं। इसी क्रम में दक्षिण के अभिनेता सिद्धार्थ ने भी बॉलीवुड पर करारा तंज कसा है।***

अभिनेता का कहना है कि बॉलीवुड की फिल्मों में साउथ का मजाक उड़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्मों में नॉन हिंदी अभिनेता को कार्टून की तरह दिखाया जाता है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिज मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसी हुई हैं, जिस वजह से जैकलीन फर्नांडिज को विदेश जाने की अनुमति नहीं है। हाल ही में जैकलीन ने अदालत से विदेश जाने की अनुमति मांगी थी। जैकलिन ने अदालत में बताया था कि उन्हें सलमान खान के नेपाल में होने वाले इवेंट द बैंग टूर का हिस्सा बनना है और इसी वजह से वह विदेश जाने की अनुमति चाहती हैं। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय ने जैकलीन के सारे दावों की पोल खोल दी, जिसके बाद खुद अभिनेत्री ने आगे बढ़कर अपनी अर्जी को वापिस ले लिया है। भारत के लिए इस बार कान फिल्म फेस्टिवल काफी खास है। 75वें फिल्म फेस्टिवल में केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रतिनिधिमंडल में हिंदी सिनेमा जगत की दस हस्तियां शामिल हुईं। इस फेस्टिवल की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। इस दौरान अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही राजस्थानी लोक कलाकार मामे खान ने सुर छेड़ा तो दीपिका पादुकोण घूमर गाने पर डांस करने लगीं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म धाकड़ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कंगना इस फिल्म में एजेंट अग्नि के किरदार में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। अभिनेत्री अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। वह लगातार कई इवेंट्स में शामिल हो रही हैं तो साथ ही वह अलग-अलग मीडिया संस्थानों को इंटरव्यूज भी दे रही हैं। लेकिन इन सबके बीच कंगना ने अब तक कोई ऐसा बयान नहीं दिया, जिस पर विवाद खड़ा हो और अब कंगना रणौत ने इसकी वजह बताई है। कंगना रणौत ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री कॉन्ट्रोवर्सी में नहीं आने की वजह बता रही हैं।



# कान फिल्म फेस्टिवल से सामने आया ऐश्वर्या राय का पहला लुक



**बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अभिषेक बच्चन के साथ दो दिन पहले ही कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो चुकी हैं। हर साल की तरह अभिनेत्री इस बार भी अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। जल्द ही ऐश्वर्या राय रेड कार्पेट पर रैंप वॉक करती नजर आएंगी। फिलहाल कान फिल्म फेस्टिवल से अभिनेत्री का पहला लुक वायरल हो रहा है।**

वह एक शैंपू के ब्रांड प्रमोशन के दौरान स्पॉट की गईं। इस दौरान अभिनेत्री ने गुलाबी रंग का सूट पहना है। वायरल हो रही तस्वीरों में अभिनेत्री बला की खूबसूरत लग रही हैं। इससे पहले सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या की पुरानी फोटोज भी वायरल हो रही थीं, जिन्हें उनका कान फिल्म फेस्टिवल का लुक बताया जा रहा था। नई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि अभिनेत्री ने गुलाबी रंग के ब्लेजर के साथ मैचिंग पैंट और फुटवियर कैरी किए थे। अभिनेत्री ने अपने बालों को खुला रखा था। दो दिन पहले ऐश्वर्या को बेटी आराध्या बच्चन और पति अभिषेक बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था। इस दौरान अभिनेत्री ने काले रंग की लैगिंग, ओवरकोट और हील्स कैरी किए थे। वहीं अभिषेक बच्चन ने ग्रे रंग की जींस और नीले कलर की हुडी पहनी हुई थी। अभिनेत्री की बेटी आराध्या बच्चन नीले रंग की जींस और गुलाबी कलर के टॉप में नजर आ रही थी। फिल्म फेस्टिवल में दीपिका पादुकोण, आर माधवन, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और प्रसून जोशी के अलावा भी कई अन्य लोगों ने शिरकत की। कान फिल्म फेस्टिवल में इस बार भारत को कंट्री ऑफ ऑनर के लिए आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया गया है। समारोह की शुरुआत होने के बाद केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल और अन्य मेहमानों के लिए डिनर का भी आयोजन किया गया था।

# अमेरिकन फिल्म में लीड रोल निभाएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी, बोले- 'नाम ने मुझे उत्सुक कर दिया'

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने मंगलवार को 75वें कान फिल्म फेस्टिवल की रेड कार्पेट पर वॉक किया। फेस्टिवल का हिस्सा बनने के साथ ही नवाजुद्दीन के हाथ एक अमेरिकी इंडी प्रोजेक्ट लगा है, जिसमें वह मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। वह रॉबर्टो जिरॉल्ट द्वारा निर्देशित क्रिसमस पर आधारित फिल्म लक्ष्मण लोपेज में दिखाई देंगे। इस साल के अंत में इस फिल्म की अमेरिकी में शूटिंग शुरू होने की भी उम्मीद की जा रही है। इस फिल्म में काम करने के बारे में जब नवाजुद्दीन सिद्दीकी से पूछा गया तो, उन्होंने कहा, 'शुरुआत के लिहाज से क्रिसमस फिल्म में काम करना एक अलग अनुभव होगा। रॉबर्टो जिरॉल्ट कैमरे पर अपनी शक्ति और कमान दिखा चुके हैं और जिस तरह से वह अभिनेता की अलग-अलग साइड रिवील करते हैं, वह काफी दिलचस्प है। यह एक स्वागत योग्य चुनौती है, जिसके लिए मैं हमेशा ही तरसता रहता हूं। खास तौर पर फिल्म के नाम लक्ष्मण लोपेज ने मुझे उत्सुक कर दिया है।' रॉबर्टो जिरॉल्ट ने फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी को कास्ट करने के बारे में कहा कि जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं लक्ष्मण की तलाश में जुट गया। मेरा दिमाग मुझे सीधे नवाजुद्दीन की ओर ले गया। मैंने उनके कुछ काम देखे हैं और मैं ये बात जानता हूं कि ये किरदार उनके भीतर के अनछुए पहलू सामने लेकर आएंगे।



# खुलते ही औंधे मुंह गिरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूटा

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को खुलते ही औंधे मुंह गिर गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सूचकांक 900 अंक या 1.66 फीसदी टूटकर 53,308 के स्तर पर खुला, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी सूचकांक ने 269 अंक या 1.66 फीसदी की गिरावट के साथ एक बार फिर 16000 के नीचे पहुंचकर 15,971 के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। फिलहाल, सेंसेक्स 1027 अंक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है।




## निवेशकों को हुआ भारी नुकसान

बाजार खुलने के साथ ही लगभग 370 शेयरों में तेजी आई है, 1629 शेयरों में गिरावट आई है और 73 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। शुरुआती कारोबार में ही आई इस बड़ी गिरावट के कारण निवेशकों को एक झटके में ही करोड़ों का चूना लग गया। एक ओर जहां बुधवार को बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,55,77,445.81 करोड़ रुपये था, वो आज बाजार खुलने के साथ आई गिरावट के बाद कम होकर 2,50,96,555.12 करोड़ रुपये रह गया।

## आईटीसी के शेयरों की लंबी छलांग

इस गिरावट के बीच सेंसेक्स में लिस्टेड 30 कंपनियों में से 29 लाल निशान पर दिखाई दिए। इस बीच आपको बता दें कि भारी गिरावट के बावजूद भी गुरुवार को आईटीसी लिमिटेड का शेयर उछाल पर रहा और इसने 1.5 फीसदी की तेजी लेते हुए तीन साल के हाई को छू लिया।

## विदेशी बाजारों में भी मचा कोहराम

भारतीय शेयर बाजारों पर दरअसल, वैश्विक बाजारों में आए कोहराम का असर दिखाई दिया है। बता दें बुधवार को डाऊ जोंस 1,164.52 अंक या 3.57% लुढ़ककर 31,490.07 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डैक भी 4.73 फीसद या 566 अंकों का गोता लगाकर 11428 के स्तर पर आ गया।

# घरेलू व व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर दोनों महंगे हुए, दिल्ली में 1000 रुपये के पार



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में रसोई गैस सिलेंडर अब 1000 रुपये पार पहुंच गया है। 14 किलो वाले घरेलू सिलेंडर में आज 3.50 रुपये की बढ़ोतरी हुई, जबकि 19 किलो वाले व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत में आठ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। गुरुवार से दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 1003 रुपये, मुंबई में 1002.50 रुपये, कोलकाता में 1029 रुपये और चेन्नई में 1018.50 रुपये में मिलेगा। इससे पूर्व 7 मई को घरेलू सिलेंडर के दाम में 50 रुपये की वृद्धि की गई थी। अब 19 किलो का व्यावसायिक सिलेंडर दिल्ली में 2354 रुपये, कोलकाता में 2454 रुपये, मुंबई में 2306 रुपये और चेन्नई में 2507 रुपये में मिलेगा। देशभर में अब घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 1000 रुपये के पार पहुंच गए हैं। एक साल में घरेलू सिलेंडर के दाम 800 रुपये से 1000 के पार पहुंच गए हैं।

## महंगाई से राहत की उम्मीद नहीं

उधर, इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बुधवार को रिपोर्ट में कहा है कि लगातार बढ़ रही महंगाई से चालू वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इस दौरान पूरे वित्त वर्ष के दौरान औसत महंगाई नौ साल के उच्चतम स्तर पर 6.9 फीसदी रह सकती है।

## और बढ़ सकती है ब्याज दरें

एजेंसी के मुताबिक बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए रिजर्व बैंक अपनी ब्याज दर रेपो दर में 0.75 फीसदी की बढ़ोतरी कर सकता है। हालात गंभीर होने पर नीतिगत दर में 1.25 फीसदी तक वृद्धि की जा सकती है। इसके अलावा, नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को भी चालू वित्त वर्ष के अंत तक 0.50 फीसदी बढ़ाकर 5 फीसदी किया जा सकता है। बढ़ती महंगाई को नियंत्रण में करने के लिए केंद्रीय बैंक ने 4 मई को बिना पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम के रेपो दर में 0.40 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। सीआरआर भी 0.50 फीसदी बढ़ाकर 4.5 फीसदी किया था।

## महामारी में आपूर्ति ने बढ़ाई समस्या

महामारी में मांग कम होने के बावजूद नवंबर, 2020 तक खुदरा महंगाई 6 फीसदी से ज्यादा रही। इसकी एक वजह आपूर्ति पक्ष का बाधित होना भी था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015-16 से लेकर 2018-19 तक लगातार चार साल पर खुदरा महंगाई औसतन 4.1 फीसदी रही थी। इसके बाद पहली बार दिसंबर, 2019 में यह 6 फीसदी के पार पहुंच गई थी, जो आरबीआई की ऊपरी सीमा से ज्यादा है।

# तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों की तरफ से आज भी पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये व डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 115.12 रुपये जबकि डीजल का दाम 99.83 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 110.85 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 100.94 रुपये प्रति लीटर है। बता दें कि पिछले वर्ष 4 नवंबर के बाद से इन दोनों ईंधन के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गई थी। सरकार के राजनीतिक विरोधियों का आरोप था कि पांच राज्यों के चुनाव के कारण मोदी सरकार ने तेल कंपनियों को मूल्य बढ़ाने से रोक रखा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव 112 डॉलर प्रति बैरल पहुंचने के बाद रविवार को तेल कंपनियों ने डीजल के थोक खरीदारों के लिए मूल्य में 25 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। तेल डीलरों का कहना है कि खुदरा मूल्य में धीरे-धीरे वृद्धि की जाएगी।



## इन राज्यों में 100 रुपये के पार पेट्रोल का भाव

बता दें कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पेट्रोल का भाव 100 रुपये से ऊपर चल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत सबसे अधिक है। पेट्रोल-डीजल की कीमत आप एसएमएस के जरिए भी जान सकते हैं।

## जानें प्रमुख महानगरों में कितनी है कीमत

आज दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल और डीजल की कीमतें इस प्रकार हैं।

| शहर | डीजल | पेट्रोल | |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 96.67 | 105.41 | |
| मुंबई | 104.77 | 120.51 | |
| कोलकाता | | 99.83 | 115.12 |
| चेन्नई | 100.94 | 110.85 | |

(पेट्रोल-डीजल की कीमत रुपये प्रति लीटर में है।)

# अरबों के नुकसान से डोल गया है अब क्रिप्टो कारोबार में निवेशकों का भरोसा

**टोक्यो।** सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसियों में से एक के ध्वस्त हो जाने और दर्जनों ऐसी करेंसियों की कीमत में भारी गिरावट से क्रिप्टो बाजार में लोगों का भरोसा डोल गया है। दूसरी तरफ दुनिया भर की विनियामक (रेगुलेटर) सरकारी एजेंसियों को यह दावा करने का मौका मिला है कि उनकी चेतावनी सही साबित हुई। ये एजेंसियां कई बार चेतावनी दे चुकी थीं कि क्रिप्टोकरेंसी में पैसा लगाना जोखिम भरा है। सबसे ज्यादा झटका स्टेबल कॉइन कही जाने वाली क्रिप्टोकरेंसियों को लगा है। ये वे करेंसियां हैं, जिनके बारे में कहा जाता था कि उनकी कीमत डॉलर से बंधी हुई है। इस तरह उन्हें परंपरागत वित्तीय सिस्टम और क्रिप्टो ट्रेडिंग दायरे (इकोसिस्टम) के बीच एक संपर्क-सेतु बताया जाता था। इन्हीं करेंसियों में टेरायूएसडी (जिसे यूएसटी



भी कहा जाता है) रही है। दावा किया जाता था कि एक यूएसटी की कीमत एक अमेरिकी डॉलर के बराबर रहती है। एक समय इस करेंसी का बाजार मूल्य 19 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन एक हफ्ते पहले उसकी डॉलर से समतुल्यता भंग हो गई। उसके बाद से उसकी कीमत इतनी तेजी से गिरी है कि बीते शुक्रवार को उसका मूल्य 16 सेंट के बराबर रह गया था। इस घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन से लेकर ऐसी छोटी मुद्राओं तक में कारोबारियों का भरोसा तेजी से गिरा है। सबसे लोकप्रिय स्टेबल कॉइन टिथर रही है, जिसका बाजार मूल्य 80 बिलियन डॉलर आंका गया था।

## किसानों के खाते में 31 मई तक आ सकती है 11वीं किस्त

**नई दिल्ली।** पीएम किसान योजना के करीब 12 करोड़ लाभार्थियों का इंतजार खत्म होने वाला है। ताजा अपडेट के मुताबिक, सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि इस योजना के तहत किसानों के खाते में आने वाली 11वीं किस्त 31 मई तक खातों में पहुंच सकती है। गौरतलब है कि योजना का लाभ लेने के लिए आपको ई-केवाईसी कराना जरूरी है, इस प्रक्रिया को पूरा करने की अंतिम तिथि भी 31 मई तक बढ़ा दी गई है। ऐसा न करने पर आप किस्त नहीं पा सकेंगे। इससे पिछले साल के रिकॉर्ड को देखें तो अप्रैल-जुलाई की किस्त बीते साल 15 मई को आई थी। लेकिन, इस बार इस किश्त मई महीने के अंत तक आने की उम्मीद जताई जा रही है। गौरतलब है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग 12.53 करोड़ किसान रजिस्टर्ड हैं। बता दें कि सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य किया है।

# सोने की चमक बढ़ी, चांदी के दाम में गिरावट, यहां चेक करें अपने शहर का ताजा भाव

**नई दिल्ली।** सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन कीमती धातुओं के दाम में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जहां एक ओर सोने की कीमत में इजाफा हुआ, वहीं चांदी का भाव टूट गया। ऐसे में अगर आप आज आभूषण खरीदने का मन बना रहे हैं, तो घर से निकलने से पहले सोने-चांदी के ताजा भाव जान लेना आपके लिए फायदेमंद होगा। एमसीएक्स पर गुरुवार को सोने की कीमत में 0.21 फीसदी की तेजी दर्ज की गई और इसका भाव बढ़कर 50,278 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया है। जहां सोने के दाम में तेजी आई, तो इसके विपरीत चांदी के दाम में 0.65 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इस कमी के बाद चांदी का भाव टूटकर 60,757 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया है। यहां बता दें कि



आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है। आप अपने शहर सोने की कीमत मोबाइल पर भी चेक कर सकते हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक आप सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर प्राइस चेक कर सकते हैं।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)